प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 01.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा– न्यायपालिका में बढ़ा है जनता का विश्वास, न्याय समय पर मिले, यह सबकी जिम्मेदारी।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता रथ किया रवाना, समाज के लिए इसे बताया अभिशाप।
3. सारंडा जंगल में विस्फोट से घायल हुए CRPF के अधिकारी और दो जवानों की हालत स्थिर, रांची में हैं इलाजरत, एडीजी ने कहा– ऑपरेशन जारी।
4. पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा – तीरंदाजी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए जारी है संघ की कोशिश।

और

5. आईसीसी टी20 विश्व कप में आज भारत और वेस्टइंडीज आमने–सामने, कोलकाता के ईडन गार्डन में सेमीफाइनल की जंग शुरू।

*****************

भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि न्यायपालिका के प्रति जनता का विश्वास और सम्मान लगातार बढ़ रहा है। न्यायमूर्ति ने आज समय पर न्याय मिलने की आवश्यकता पर जोर दिया। एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि न्याय सुनिश्चित करना केवल न्यायाधीशों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि बार भी न्याय वितरण प्रणाली का अभिन्न अंग है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायालय परिसरों को अस्पतालों की तरह कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति न्यायालय में आता है, तो उसे यह आश्वासन मिलना चाहिए कि उसकी चिंताओं का तुरंत समाधान किया जाएगा।

*****************

केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खटटर ने कहा है कि देश में अब आवश्यकता से अधिक बिजली उपलब्ध है। आज नई दिल्ली में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है और इसकी आपूर्ति के लिए भारत को अगले चार–पांच वर्ष में 30 गीगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन क्षमता की आवश्यकता होगी। श्री लाल ने कहा कि वर्ष 2005 से 2020 के बीच ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 35 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और देश 50 प्रतिशत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

*****************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। आज रांची में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि अब परिवार और समाज भी इस बाल विवाह के खिलाफ आगे आ रहा है। श्री सेठ ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्ति रथ को भी रवाना किया। इस अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया गया।

*****************

भारत दुग्ध उत्पादन में दुनिया में लगातार शीर्ष पर बना हुआ है। विश्व के कुल दुग्ध उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान भारत का होता है। वर्ष 2024–25 में देश में दुग्ध उत्पादन 24 करोड़ 70 लाख टन से अधिक रहा है। सरकार ने कहा है कि भारत की कृषि प्रगति को पशुधन, दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों से लगातार समर्थन मिल रहा है।

*****************

पश्चिम एशिया में भारतीय दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से ईरान पर अमरीका और इस्राएल के हमले को देखते हुए परामर्शों का पालन करने की अपील की है। इन दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से कहा है कि वे अत्यधिक सावधानी बरतें और अनावश्यक आवाजाही से बचें। दूतावासों ने किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर और ई–मेल भी जारी किए हैं।

इधर, झारखण्ड के भी कुछ लोगों के संयुक्त अरब अमीरात समेत कुछ अन्य मध्य पूर्वी देशों में यात्रा के दौरान फंसने की सूचना है। रांची और लोहरदगा समेत अन्य जिलों से ये लोग भ्रमण के लिए गए हुए थे, लेकिन युद्ध की वजह से फिलहाल हवाई उड़ानें रद्द कर दी गईं हैं, जिस कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है।

*****************

विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपने वीसा के विस्तार या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। यह परामर्श पश्चिम एशिया के ताज़ा घटनाक्रम को देखते हुए जारी किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। इसके लिए कार्यालय की वेबसाइट बीओआई डॉट जीओवी डॉट इन पर भी संपर्क किया जा सकता है।

*****************

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा–शुल्क बोर्ड ने पात्र निर्माता आयातकों के लिए सीमा–शुल्क के तुरंत भुगतान से छूट की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा पहली अप्रैल से 31 मार्च, 2028 तक जारी रहेगी। बोर्ड ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र स्थित सारंडा के जंगल में आज सुबह एक आईईडी विस्फोट होने से कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक सहित दो जवान घायल हो गए। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक अभियान माइकल राज एस ने बताया कि घायलों का इलाज जारी है।

*****************

पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी लीग जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से पूरे देश के बेहतर खिलाड़ी सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम ऊंचा करने के लिए ऐसे खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए तीरंदाजी संघ प्रयासरत है। श्री मुंडा ने उत्तर प्रदेश में तीरंदाजी के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की प्रशंसा की।

*****************

रामगढ़ में बिहार फाउंड्री एवं कास्टिंग्स लिमिटेड की ओर से आयोजित अरुणा बुधिया मेमोरियल इंटर–डिपार्टमेंट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आज फेरो फाइटर्स ने पावर पार्टनर्स को हरा दिया। इस प्रतियोगिता में आठ टीम और 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

******************

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का सामना वेस्टइंडीज से हो रहा है। यह मैच कोलकाता के ईडन ग्रार्डन में खेला जा रहा है। इस मैच का विजेता सेमीफाइनल में प्रवेश करेगा।

********समाप्त*********